an>

Title: Regarding alleged irregularities in IIT (ISM), Dhanbad, Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान झारखंड प्रदेश में धनबाद जिले के अन्तर्गत भारतीय खनिज विद्यापीठ, आई.एस.एम., जो अभी आई.आई.टी. के रूप में परिवर्तित किया गया है की ओर दिलाना चाहता हूँ। यहाँ पर वर्तमान में जो डायरेक्टर हैं, उनके पाँच साल पूरे हो गये हैं और पिछले दस महीने से वे एडिशनल बने हुए हैं। वहाँ के लोगों ने हमसे सम्पर्क किया कि यहाँ पर बहुत सी अनियमिततायें हुई हैं। डायरेक्टर अपने फायदे के लिए अपने हिसाब से वहाँ के कर्मचारियों का शोषण, वहाँ के पदाधिकारियों का शोषण कर रहे हैं। मैं भारत सरकार से माँग करता हूँ कि अविलम्ब वहाँ पर नियुक्ति के लिए इंटरव्यू कॉल करवाया जाये ताकि जो सक्षम व्यक्ति हैं, वे डायरेक्टर के रूप में पदस्थापित हो सकें। मेरा यही आपसे निवेदन है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री अर्जुन लाल मीणा,

श्री शरद त्रिपाठी और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।